# गांधीजी के सिद्धांतों पर चलकर देश को असामाजिक ताकतों से बचाना है : यशपाल

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 75 वीं पुण्यतिथि पर बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में स्मरण सभा और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आज जिला कांग्रेस कमेटियों को सुबह 10 बजे ध्वजारोहण करना था। जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने ध्वजारोहण किया। स्मरण सभा कि अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि महात्मा गांधी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि रहा और सत्याग्रह के रास्ते पर चलकर उन्होंने अमन और शांति के लिए अपने प्राण तक न्यौछावर कर दिये। अपने देश के लिए गांधीजी का समर्पण देखकर उन्हें राष्ट्रपिता की उपाधि देश से मिली। उन्हीं के बताये रास्ते पर चलते हुए वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राहुल गांधी भारत की एकता और अखंडता के लिए भारत की संप्रभुता की रक्षा करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं।



बीकानेर शहर कांग्रेस कार्यालय में भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम चरण के समापन पर कांग्रेसजनों ने ध्वजारोहण कर बापू को श्रद्धांजलि दी।

■ **शहर कांग्रेस कार्यालय में भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम चरण के समापन एव शहीद दिवस पर ध्वजारोहण किया**

बड़ी खुशी की बात है कि कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर की यात्रा ने भारत के हर व्यक्ति को नई उम्मीद दी है। एक विश्वास जगा है कि हमारी सुनने वाला आज भी कोई है। प्रदेश कांग्रेस सचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी का देश प्रेम और अहिंसा का सिद्धांत आज सम्पूर्ण विश्व में मान्य होता जा रहा है। आज हम सबको गांधी के सिद्धांतों पर चलकर देश को असामाजिक ताकतों से बचाना है।

प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिंह सांखला ने गांधीजी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तारित प्रकाश डालते हुए कहा कि राष्ट्रपिता की उपाधि प्राप्त करना कोई सामान्य बात नहीं है। प्रवक्ता नितिन वत्सस ने कहा कि आज राष्ट्रपिता की पुण्यतिथि पर हम सबको ये संकल्प लेना होगा कि देश के सर्वांगीण विकास हेतु और अमन भाईचारे को बनाये रखने के लिए कार्य करेंगे।

प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बत्याया की पुण्यतिथि पर आयोजित स्मरण सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता गुलाम मुस्तफा, प्रेमरतन जोशी पट्टू, किशनलाल इनखिया, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, ब्लॉक अध्यक्ष आनंद सिंह सोढा, शहजाद खान भुट्टो, जाकिर नागौरी, ओबीसी जिला अध्यक्ष कमल कुमार नागल, पार्षद अभिषेक गहलोत, पार्षद मनोज किराडू, महासचिव ललित तेजस्वी, हरिशंकर नायक, जयदीप सिंह जावा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष साजिद सुलेमानी, एससी प्रदेश महासचिव चंद्रशेखर चांवरिया, महिला शहर अध्यक्ष सुनीता गौड़, महिला देहात अध्यक्ष राजकुमारी व्यास, अर्चना नागल, शबनम पठान, सचिव हाजिर खान, विकास तंवर, अब्दुल रहमान लोदरा, करणीसिंह राजपुरोहित, मोहम्मद फारूक, रविकांत वाल्मीकि, एन. डी. कादरी, धनसुख आचार्य, मनोज व्यास ने भी संबोधित करते महात्मा गांधी के आदर्शों को अपनाने की बात कही। अंत में 11 बजकर दो मिनट का मौन रखा गया। उसके बाद बापू के प्रिय भजन गाये गए।

वहीं सूरतगढ़ सैनिक स्कूल ओएसिस में 105 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराया गया। मौका था सैनिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का। समारोह में ब्रिगेडियर सुमित श्योराण, श्रीगंगानगर जिला लोकपाल अनिल धानुका, नवीन अग्रवाल, सूरतगढ़ के पूर्व विधायक अशोक नागपाल, हास्य कलाकार ख्याली सहारण, क्रिकेटर रवि बिश्नोई, जादूगर एसके शर्मा, आशीष कन्धारी, आर्मी पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल मंजू चौहान, स्काउट आयुक्त आर. डी. सिंह मौजूद थे।

## बाबा रामदेव मेला आज से

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। लोक देवता बाबा रामदेव के मंगलवार को लगने वाले मेले के लिए तैयारियां सोमवार को जोरों पर रही। खास बात यह है कि बाबा के भक्त सोमवार से ही मंदिर परिसर में धोक लगाने के लिए पहुंचने लगे।

शहर के सूरतगढ़ रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर में मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे आरती के साथ मेले की शुरूआत होगी। लेकिन सोमवार से ही बाबा के भक्त धोक लगाने के लिए पहुंचने लगे। मंदिर के बाहर अस्थाई दुकानें सजने लगी। निकटवर्ती पंजाब और हरियाणा सहित प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से दुकानदार यहां मेले के मद्देनजर दुकानें सजाते हैं।

मेले की शुरूआत मंगलवार सुबह साढ़े पांच बजे आरती के साथ होगी। इस दिन सैकड़ों श्रद्धालुओं के मंदिर परिसर में पहुंचने की संभावना है। ऐसे में यहां बैरिकेडिंग की गई है। वहीं सेवादारो कों व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी भी दी गई है। इस दिन मंदिर परिसर में पूरा दिन लंगर चलेगा। वहीं श्रद्धालुओं के प्रवेश से उनकी निकासी तक की समस्त व्यवस्थाओं पर मंदिर समिति के सेवादारों और पुलिस प्रशासन का पूरा ध्यान रहेगा। मंदिर के बाहर खिलौनों, मिठाई, प्रसाद आदि की दुकानें सजाई गई है। यहां सोमवार सुबह से ही पंजाब के निकटवर्ती इलाकों और हरियाणा आदि से विशेष रूप से खिलौने बेचने वाले आने शुरू हो जाते हैं। सूरतगढ़ रोड की ओर से जाने वाले वाहनों को सुखाड़िया मार्ग पर डायवर्ट किया जायेगा।

## सार-समाचार

### अप्रैल में होगा बीकानेर बुक फेयर



बीकानेर बुक फेयर को लेकर पुस्तकालय विकास समिति की बैठक समिति अध्यक्ष हरिशंकर आचार्य ने ली।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय द्वारा अप्रैल में बीकानेर बुक फेयर बीबीएफ आयोजित किया जायेगा। युवाओं के लिए प्रतिमाह करियर आधारित और मोटिवेशनल व्याख्यान होंगे। वहीं विभिन्न महापुरुषों और साहित्यकारों की स्मृति में वर्षभर कार्यक्रम किए जाएंगे। इसी प्रकार डागा बिल्डिंग स्थित नगर वाचनालय में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया आएगा। पुस्तकालय विकास समिति की सोमवार को आयोजित बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक समिति अध्यक्ष और सहायक निदेशक जनसंपर्क हरिशंकर आचार्य की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने बताया कि गत वर्ष विश्व पुस्तक दिवस पर पहली बार पुस्तक मेला आयोजित किया गया। इसमें 25 से अधिक प्रकाशकों ने भाग लिया। इस बार भी यह मेला आयोजित किए जायेगा। इस बार प्रदेश भर के प्रकाशकों को आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में पढ़ने वाले युवाओं को करियर मोटिवेशन और तनावमुक्ति पर आधारित मार्गदर्शन उपलब्ध करवाने के लिए मासिक संवाद श्रंखला आयोजित की जायेगी। यह संवाद प्रत्येक माह के चौथे शनिवार को होंगे। इस दौरान विभिन्न विशेषज्ञों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में विभिन्न महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथि के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर भी चर्चा हुई। साथ ही डागा बिल्डिंग स्थित नगर वाचनालय में मरम्मत रंगरोगन करवाते हुए आधारभूत सुविधाएं मुहैया करवाने का निर्णय भी लिया गया। पुस्तकालयाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने समिति गत 2 वर्षों के कार्यों के बारे में बताया। समिति सदस्य तथा धर्मवीर कटेवा, आत्माराम भाटी, असद अली, डॉ चंद्रशेखर श्रीमाली ने अगले वर्ष आयोजित किए जाने वाले प्रस्तावित कार्यक्रमों के संबंध में अपने विचार रखे।

### कमरा बरामदा निर्माण का शिलान्यास



गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने राजकीय विद्यालयों के विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। गंगानगर विधायक राजकुमार गौड़ ने कहा कि शिक्षा से ही परिवार समाज व राष्ट्र का उत्थान होता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों और युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए राजस्थान सरकार प्रयासरत है। वे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 6 एलएनपी में चार और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 9 एलएनपी में दो कमरा मय बरामदा निर्माण कार्यों के शिलान्यास अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश भर में विद्यार्थियों और युवाओं के साथ-साथ शिक्षा के विकास के लिये गंभीरतापूर्वक कार्य किये जा रहे है। इन दोनों विद्यालयों में कमरा मय बरामदा निर्माण होने से विद्यार्थियों को सुविधा होगी। इस अवसर पर विधायक गौड़ ने बताया कि 15 लाख रूपये की लागत से 6 एलएनपी स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में चार एवं राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 9 एलएनपी में 8 लाख रूपये की लागत से दो कमरा मय बरामदा का निर्माण करवाया जायेगा। कार्यक्रम में विधायक गौड़ ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 6 एलएनपी में दो और कमरा मय बरामदा निर्माण के लिए 8 लाख और राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय 9 एलएनपी में फर्नीचर के लिए 1 लाख रूपये विधायक कोटे से देने की घोषणा की।

### 80 किलो डोडा-पोस्त बरामद

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की सदर पुलिस ने गांव सहजीपुर में एक घर पर छापेमारी कर 80 किलो डोडा पोस्त बरामद किया। पुलिस के आने की भनक लगने से आरोपी पहले से ही फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसे मामले में नामजद किया है। सदर पुलिस ने एनडीपीएस में मामला दर्ज कर जांच गोलूवाला थाना प्रभारी भजनलाल को सौंपी है। सदर थाना प्रभारी लखवीर सिंह गिल ने बताया कि थाना क्षेत्र के गांव सहजीपुरा में पुलिस टीम ने छापेमारी करते हुए 80 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सहजीपुरा गांव में एक मकान में बड़ी मात्रा में डोडा पोस्त पड़ा है, जिसके बाद पुलिस ने एक मकान पर छापा मारा तो चार प्लास्टिक के थैलों में भरा हुआ 80 किलो डोडा पोस्त मिला। थाना प्रभारी लखबीर गिल ने बताया कि मौके पर आरोपी नहीं मिला, लेकिन आस-पड़ौस से पूछताछ में आरोपी की पहचान कर ली गई है। आरोपी की पहचान गुरमेल सिंह पुत्र गुरमीत सिंह रायसिख निवासी सहजीपुरा के रूप में हुई है। सदर पुलिस ने आरोपी को नामजद करते हुए उसके खिलाफ एनडीपीएस में मामला दर्ज कर लिया है।

# अग्निवीर भर्ती प्रकिया की विद्यार्थियों को जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के तहत भर्ती प्रक्रिया की सोमवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई।

भारतीय वायु सेना के कॉरपोरल हेमन्त कुमार ने बताया कि साढ़े 17 से 21 वर्ष आयु वाले अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। भर्ती प्रक्रिया हेतु उम्मीदवारों को 12वीं कक्षा या इसके समकक्ष परीक्षा विज्ञान संकाय में गणित भौतिक और अंग्रेजी विषय के साथ एवं कला तथा वाणिज्य संकाय में किसी भी विषय के साथ 50 फीसदी अंकों के साथ, अंग्रेजी विषय में 50 फीसदी अंक होना जरूरी है या 03 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा धारक या 02 वर्षीय वोकेशनल कोर्स पास उम्मीदवार आवेदन के पात्र है।

सिविल प्रशासन प्रभारी टीआर भील ने बताया कि सोमवार को राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज टेरेसा चिल्ड्रन अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को इस भर्ती से संबंधित जानकारी दी गई तथा उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि मंगलवार को डूंगर महाविद्यालय तथा जीसस एंड मैरी स्कूल में विद्यार्थिय्यों को इस स्कीम के तहत भर्ती प्रक्रिया से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अविवाहित पुरूष एवं महिला उम्मीदवार भर्ती से संबधित विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइटपर भी इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। भर्ती के लिए इच्छुक अभ्यर्थी पर लॉग इन कर विस्तृत जानकारी हासिल कर सकते हैं।



ायु सेना में अग्निवीर भर्ती योजना के तहत विद्यार्थियों के साथ वायु सेना के कॉरपोरल हेमन्त कुमार ने संवाद किया।

## मेडिकल स्टोर के लाइसेंस निलंबित

**हनुमानगढ़,**(कासं)। जिले में औषधि नियंत्रण अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर 17 मेडिकल स्टोर्स के ड्रग लाइसेंस निलंबित किए।

लाइसेंस अथॉरिटी एवं सहायक औषधि नियंत्रक डी. एस. उप्पल ने बताया कि नोहर के अरडकी बस स्टैंड नजदीक स्थित संजीवनी मेडिकल सेंटर लाखासर गांव में बालाजी मेडिकल एंड जनरल स्टोर, टाउन के जनरल मार्केट में स्थित इंडियन जेनेरिक हाउस के ड्रग लाइसेंस व एनडीपीसी शेड्यूल एच 1 औषधियों की अनुमति 1 फरवरी से 10 फरवरी तक कुल 10 दिन के लिए वापस ली गई है। नोहर के जनता चैरिटेबल क्लीनिक के पास स्थित प्रियंका मेडिकल स्टोर, नोहर रेलवे स्टेशन के नजदीक जगदंबा मेडिकल स्टोर, रावतसर के वार्ड नंबर 14 में स्थित मटोरिया मेडिकोज संगरिया स्थित प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केन्द्र के ड्रग लाइसेंस 1 फरवरी से 10 फरवरी तक कुल 10 दिन के लिए निलंबित किए गए है। टिब्बी के मेहरवाला में स्थित बबूता सिद्ध मेडिकोज, रणजीतपुरा में स्थित यादव मेडिकल स्टोर के ड्रग लाइसेंस व 7 दिन के लिए अनुमति वापस ली गई है।

# अहिंसा के रास्ते पर चलने की सीख दी

**हनुमानगढ़,**(कासं)। देश की आजादी के लिए अपनी शहादत देने वाले शहीदों की स्मृति में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित गांधी पार्क में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

■ **शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी**

कार्यक्रम की शुरूआत में जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग और अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रतिभा देवठिया सहित अन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। इसके बाद भजन का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन रखा गया।

जिला कलेक्टर रुक्मणि रियार सिहाग ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं। उन्होंने हमेशा अहिंसा के रास्ते पर चलने की सीख दी। इसी सीख पर युवाओं को चलना चाहिए ताकि देश आगे बढ़ सके और आजादी के सही मायने हम सब समझ सकें। एडीएम प्रतिभा देवठिया ने बताया कि 2 और 3 फरवरी को 2 दिवसीय जिला स्तरीय गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जंक्शन स्थित अग्रसेन भवन में किया जायेगा।

कार्यक्रम के अनुसार 2 फरवरी को सुबह साढ़े 11 बजे झंडारोहण, राष्ट्रगान और गांधी भजन का आयोजन किया जायेगा।

उसके बाद दोपहर 12 बजे स्वागत कार्यक्रम और अतिथि भाषण, दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गांधीजी के व्यक्तित्व, उनकी जीवन शैली आदि पर संगोष्ठी और भाषण आदि कार्यक्रम, शाम 4 से 6 बजे तक गांधीजी के विचारों, जीवनशैली पर भाषण, कविता, शाम 7 बजे से संबंधित भजन और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

3 फरवरी को सुबह 6 से 7 बजे तक योग कार्यक्रम, सुबह 7.15 बजे से साढ़े 8 बजे तक किसी सार्वजनिक स्थान पर साफ-सफाई कार्यक्रम, सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक कई योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाना और महात्मा गांधी के विचारों, जीवन शैली पर भाषण, कविता आदि कार्यक्रम के बाद दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

# ग्राम पंचायत में आगजनी की जांच की मांग

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। शहर से सटी ग्राम पंचायत मिर्जेवाला की बिल्डिंग में पिछले दिनों आग लगने की घटना के बाद दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के संबंध में राष्ट्रीय लोकलांत्रिक पार्टी का धरना सोमवार को भी कलेक्ट्रेट पर जारी रहा।

■ **ग्राम पंचायत मिर्जेवाला भवन में आगजनी**

पार्टी सदस्य पिछले चौदह दिन से कलेक्ट्रेट पर धरना लगाये हुए बैठे हैं। पार्टी मैंबर्स का कहना है कि आगजनी की घटना के समय पंचायत समिति में किसी कर्मचारी का नहीं होना कई सवाल खड़े करता है। धरने पर बैठे पार्टी सदस्यों ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में अधिकारियों से मुलाकात की लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। संगठन सदस्यों का कहना था कि जिस दिन आगजनी की घटना हुई उस दिन बिजली गुल थी। ऐसे में शॉर्ट सर्किट की संभावना कम है। संगठन सदस्यों ने धरना स्थल पर सीएम का पुतला लटका रखा है। उनका कहना है कि सरकारी स्तर पर इस मामले में पूरी गंभीरता नहीं बरती जा रही है।

## धर्म ध्वजा पदयात्रा निकाली

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। उदाराम चौक स्थित श्री झांकी वाले बालाजी मंदिर के वार्षिकोत्सव पर धर्म ध्वजा पदयात्रा निकाली गई।

शहर के सभी प्रमुख रास्तों पर स्वागत द्वार लगाये गए। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा के स्वागत के लिए 100 किलो फूलों का उपयोग किया गया। शहर के अग्रसेन चौक से शुरू हुई शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। हर रास्ते पर श्रद्धालु पहले ही धर्म ध्वजा पदयात्रा का स्वागत करते नजर आये। स्वागत करने वालों में नगर विकास न्यास के पूर्व अध्यक्ष संजय महिपाल, भाजपा नेता विनीता आहूजा, डॉ. दर्शन आहूजा शामिल थे।

# लीकेज पेयजल लाइन से दुकान व मकानों को नुकसान

**हनुमानगढ़,**(कासं)। वाटरवर्क्स की लीकेज पाइपलाइन से प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। लीकेज लाइन का पानी दुकानों व घरों की दीवारों को भी नुकसान पहुंचा रहा है।

विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाने के बावजूद अभी तक समस्या निराकरण नहीं होने से कस्बेवासी परेशान हैं। आप पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष बबलू सोनी ने बताया कि पानी व्यर्थ बह रहा है। उसी स्थान के पास एक बड़ा गड्ढा बन गया है। इसमें एक दुपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो गया। वहीं इस लीकेज से निकलते पानी के दुकानों व मकानों के नींव में चले जाने से दीवारें भी क्षतिग्रस्त हो रही हैं। नागरिकों द्वारा पीएचईडी के कार्यालय कर्मचारियों को बार-बार फोन कर अवगत करवाने के बावजूद लीकेज को दुरुस्त नहीं किया गया और ना ही कोई संतोषजनक उत्तर दिया। बबलू सोनी ने बताया कि हनुमानगढ़ में भी वाटर वर्क्स कर्मचारियों की लापरवाही से विभाग के उच्च अधिकारियों के सामने डमरू बजाकर उन्हें जगाने का प्रयास किया फिर भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं कस्बेवासियों द्वारा आंदोलन की रणनीति बनाकर पीएचईडी कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि पालिका क्षेत्र में लगभग सौ से अधिक जगह पेयजल पाइपलाइन में लीकेज हैं।

■ **लीकेज से व्यर्थ बह रहे पानी से बने गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं बाइक सवार**

# बेसहारा बछड़ों का प्रबंधन व फसल बीमा मुआवाजा के लिए सांकेतिक धरना

**बीकानेर,** (कासं)। शहीद दिवस के अवसर पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के दिन अभिनव राजस्थान पार्टी की तरफ से विधि जनमत के अनुसार निर्वाचित वार्ड पंचों को सम्मान दिलवाने, फसल बीमा का उचित मुआवाजा दिलाने और बेसहारा बछडों को मनरेगा के मार्फत उचित प्रबंधन करवाने के मुद्दों पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक चौधरी की अगुवाई में सांकेतिक धरना दिया।

जिला कार्यालय बीकानेर के पास अभिनव राजस्थान पार्टी के सबसे वरिष्ठ 95 साल के बद्री नारायण सुथार की अध्यक्षता में राज्य सरकार ओर जनता द्वारा चुने गये जन प्रतिनिधियों को संविधान द्वारा मिली शक्तियों का अहसास दिलवाने के लिए शांतिपूर्वक सांकेतिक धरना दिया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया।

उसके बाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक चौधरी ने अपने सम्बोधन में फसल बीमा वार्ड सभा और बेसहारा पशुधन के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि जिला परिषद की वर्तमान व्यवस्था को भारत की संसद ने बहुत अरमानों से संविधान संशोधन करके बनाया था। ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े 29 मुद्दों पर इस चुनी हुई स्थानीय सरकार को जनता का साथ देना है। इनमें से मुद्दा संख्या 1 कृषि 4 पशुपालन 12 चारागाह के बारे में हम अभी जिला परिषद का ध्यान और गंभीरता चाहते हैं। 73 वें संविधान संशोधन में ये मुद्दे संविधान की 11 वीं अनुसूची में पंचायत राज के लिए रखे हुए हैं। इन मुद्दों को धरातल पर सरलता से सुलझाने के लिए हम पंचायत राज की नींव यानि वार्ड सभा के आयोजन के लिए भी आग्रह करते आ रहे हैं।



बीकानेर के कर्मचारी मैदान में मांगों को लेकर अभिनव पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ अशोक चौधरी की अगुवाई में सांकेतिक धरना दिया।

■ **अभिनव राजस्थान पार्टी की ओर से सांकेतिक धरना दिया**

राजीव भाकर ने कहा कि हमें बहुत दुख हुआ कि वार्ड सभाओं के आयोजन को लेकर हमारी पार्टी द्वारा 12 अक्टूबर 2022 इस कार्यालय के सामने प्रदर्शन करके दिए गए पत्र पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। बीकानेर जिले में एक भी वार्ड सभा का आयोजन नहीं हुआ है। इस कार्यालय द्वारा जारी निर्देश का पालन किसी भी ग्राम पंचायत ने नहीं किया है यह गंभीर प्रशासनिक मामला बनता है।

# कुष्ठ की जांच व इलाज सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध है : डॉ. चाहर

**हनुमानगढ़,**(कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 30 जनवरी सोमवार से जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम की शुरुआत की गई। 30 जनवरी से 13 फरवरी तक चलने वाले कुष्ठ जागरुकता पखवाड़े के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई एवं जिले में प्रचार-प्रसार के लिए कुष्ठ प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. ओ. पी. चाहर ने कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की। साथ ही समस्त चिकित्सा संस्थानों में भी स्टॉफ ने कुष्ठ रोग जागरूकता की शपथ ली। एएनएम ट्रेनिंग सेंटर की छात्राओं ने रघुपति राघव राजा राम.. गीत प्रस्तुत किया। सीएमएचओ डॉ ओ.पी. चाहर ने बताया कि आमजन कुष्ठ रोग के बारे में पूरी जागरुकता बरतें और कुष्ठ रोग की जांच आवश्यक रूप से करवाएं।

कुष्ठ रोगियों की हर प्रकार से सहायता करें। कुष्ठ रोग एक मामूली बीमारी है जो एक जीवाणु लेप्रा बेसिली से होता है। यह कोई छुआछूत या आनुवंशिक रोग नहीं है। इसकी जांच एवं इलाज सभी सरकारी अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर मुफ्त में उपलब्ध है। कुष्ठ रोग की शुरूआत में पहचान एवं जांच करवाते हुए पूर्ण इलाज लिया जाएए तो कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक हो जाता है एवं शारीरिक विकलांगता से बचा जा सकता है। इसका इलाज कुछ मामलों में छह माह एवं कुछ मामलों में 12 माह का हो सकता है।



हनुमानगढ में राष्ट्रीय कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम रैली को सी.एम.एच.ओ. डॉ ओ.पी. चाहर ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।